# बिहार विधान-सभा वादवृत्त।

---

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर।)

---

बृहस्पतिवार, तिथि 29 जुलाई, 1976!

---

विषय-सूची।

पृष्ठ

| | |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या 11-क,44,ब-76,-क1-00 .. | 1—19 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 1581, 2376, 2377, 2378, 2380, 2381, 2384, 2385, 2387—2390, 2395, 2396, 2404, 2405, 2408, 2409, 2412, 2418, 2422, 2424, 2426, 2427, 2429, 2430, 2432, 2436, 2437, 2438, 2442, 2443, 2444, 2447, 2449, 2450, 2452, 2453, 2457, 2458, 2462—2464, 2466, 2467, 2470, 2471, 2475, 2476, 2478, 2479। | 19—63 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) .. .. | 64—85 |
| दैनिक निबंध .. .. .. .. | 87—88 |


---

टिप्पणी—जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के आगे (*) चिह्न लगा दिया गया है।

(3) यह सही है कि डा० झा को प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करने की चेतावनी दी गयी थी। उसके अनुपालन में डा० झा का कहना है कि प्रतिनियुक्ति आदेश निर्गत होने के बाद से वे प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करते हैं। फिर भी जैसा कि खंड (2) में उल्लेख है इसकी जांच हो रही है।

(4) डा० झा के विरुद्ध चल रही जांच के परिणाम के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

---

## प्रोन्नति का औचित्य।

2445. श्री संत प्रसाद सिंह—क्या मंत्री ,लोक निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि निगरानी विभाग से स्वच्छता प्रमाण-पत्र प्राप्त किये बिना ही प्रोन्नति संबंधी सरकारी नीति की अवहेलना कर संबंधित कार्यपालक अभियंताओं सर्वश्री राजमोहन सिंह, श्री वीरेन्द्र नारायण बैंकर एवं राघो शरण प्रसाद को प्रोन्नति अधीक्षण अभियंता के पद पर कर दी गयी है यदि हां तो इस प्रोन्नति का कहां तक औचित्य है?

श्री विद्याकर कवि—उत्तर नकारात्मक है। प्रोन्नति देने के पहले प्रश्नाधीन पदाधिकारियों का एक स्वच्छता प्रमाण पत्र निगरानी विभाग से प्राप्त किया गया था और निगरानी विभाग के प्रतिवेदन को सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद ही प्रोन्नति दी है।

---

## परिवार नियोजन केन्द्र की स्थापना

2446. श्री रामस्वरूप राम—क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भरगावां प्रखंड में चरैया स्वास्थ्य उपकेन्द्र के अन्तर्गत स्थानीय युवा वर्ग के सहयोग से 1970 से अभी तक परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत औपरेशन प्रखंड के अंतर्गत सबसे अधिक स्त्री-पुरुषों ने करवाया है यदि हां तो क्या सरकार घरैया में एक परिवार नियोजन केन्द्र की स्थापना स्थायी रूप से करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

श्री विन्देश्वरी दूबे—पूर्णियां जिला के भरगावां प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र घरैया में 1970 से 1976 तक अद्यतन नसबन्दी एवं वन्ध्याकरण औपरेशन 49